



# माता रानी की आराधना में डूबा समूचा गुढ़ आंचल

## बूढ़ी माता के दरबार में उमडा जन शैलाब, लग रहे माता रानी के जयकारे, जगह-जगह विराजी गई दुर्गा प्रतिमा

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 27 सितम्बर, गुढ़ नगर से लेकर ग्रामीण अंचल तक दुर्गा प्रतिमा पंडालो में रखी गई है. जहा सुबह-शाम भक्तो का ताता लग रहा है. इसके साथ ही बूढी माता मंदिर में भी भक्त दर्शन के लिये पहुंच रहे है. पूरे गुढ़ क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना हुआ है, पंडाल मातारानी के जयकारे से गूंज रहे है.**



इस समय शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर समुचे गुढ़ नगर के साथ-साथ पूरा गुढ़ आंचल माता रानी की भक्ती श्रध्दा में डूबा हुआ है. गुढ़ नगर के प्रत्येक बार्डो में सजे माता रानी के पण्डालो मे भगत भजन डीजे की धुन पर दाण्डिया एवं डीज की धुन के साथ आरती माता के जागरण कन्या भोज भगत भजन देवी गीत समुचा आंचल गुंजायमान हो गया है. भा. सर्व सेवा संगठन नव दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हनुमान मंदिर प्रांगण में विराजमान की गई माता रानी की झांकी को अकर्षक रूप में साज सज्जा कर समिति अध्यक्ष इन्द्रपाल उपाध्याय द्वारा कठोर आराधना कर माता रानी से सभी की सुख समृद्धि हेतु माता रानी से कांमना कर रहे हैं. वही पण्डित अरुण कुमार शास्त्री द्वारा सुबह से लेकर देर रात्रि तक माता रानी की आराधना भक्ति का देवी भक्तो को उनकी महिमा का रसा स्वादन करा रहे है. इसी तरह सब स्टेशन गुढ़ बस स्टैण्ड गुढ़ कटरा मुहल्ला, पिडिहान मुहल्ला, वन विभाग चौकी प्रांगण, चौहट्टा बाजार, चमरौडी, गुढ़ हर्दी मार्ग, महरुआ टोला, महदेवन टोला, लक्ष्मी मंदिर बार्ड 5, गुढ़वा बार्ड 14, गुढ़वा बार्ड 15 सहित समुचे नगर मे सजी माता रानी के पंण्डालो के नीचे सुबह से लेकर देर रात्रि तक भीड़ रहती है.

### बूढ़ी माता मंदिर जाने नही है मार्ग

आपको बता दें कि गुढ़ क्षेत्र वासियो के लिए आस्था एवं कुलदेवी कहलाने वाली बूढ़ी माता सितलहन देवी मंदिर पहुंचने के लिए लोगो को कोई मार्ग आज तक किसी भी जनप्रतिनिधियो द्वारा सुलभ नही कराया है. जबकि प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, गुढ़ विधायक नागेन्द्र सिंह द्वारा बाईपास गौतम ढावा से लेकर मंदिर प्रांगण तक आवागमन सुलभ कराने पूर्व में ही राशि स्वीकृत करा दी गई लेकिन मार्ग आज तक सुलभ नही हो सका नवरात्रि के समय ही नही बल्कि कुल देवी के दरबार में पहुंचने के लिए लोगो को आर मेड का सहारा लेकर पद यात्रा करनी पड रही है इस ओर किसी का ध्यान नही है.



# अष्टभुजी माता मंदिर परिसर में की गई साफ-सफाई

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 27 सितम्बर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर 17 सितंबर से गांधी जयंती 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन किया गया है.**

एलडीएम मऊगंज ज्योत्सना अग्रवाल की अध्यक्षता मे अष्टभुजा माता मंदिर परिसर नईगढी को साफ स्वच्छ करने का अभियान चलाया गया. जिसमें काफी लोगों ने श्रमदान कर सफाई अभियान में सहयोग किया. जिसमें प्रमुख रूप से असिस्टेंट काउंसलर संतोष कुमार मिश्र, टीआई सनत द्विवेदी, नगर परिषद नईगढी से बृजमोहन वर्मा, एएफसी सुजीत कुमार पटेल, रवि वर्मा, विनय पटेल, रामदास गुप्ता, शांति गुप्ता ने स्वच्छता अभियान में सहयोग प्रदान किया. सफाई पूर्ण करने के पश्चात एलडीएम श्रीमती अग्रवाल ने स्वच्छता की शपथ दिलवाई और उन्होंने कहा की पॉलिथीन का पूरी तरह से बहिष्कार करना चाहिए इससे बहुत बड़ी नुकसान है. इस लिए सभी लोगों को कपड़े के झोले का प्रयोग करना चाहिए और बाजार से जो भी सामान लेते हैं वह अपने झोले में लें किसी भी अभियान में सफलता तभी मिलती है जिसमें जन सहयोग अधिक से अधिक मिलता है इस लिए सब की नैतिक जिम्मेदारी बनती है की मोदी जी की कल्पना को साकार करें कार्यक्रम के अंत में संतोष कुमार मिश्र आभार जताया.



# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से मिले त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 सितम्बर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से उनके भोपाल निवास पर त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी राज ने शिष्टाचार भेंट की.**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं त्योंथर विधायक के बीच भाजपा की जिला स्तरीय कार्यकारिणी घोषणा के पहले भी भेंट हुई थी अब घोषणा के बाद विधायक ने घर जाकर मुलाकात की. विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के साथ हुई इस मुलाकात को सामान्य और औपचारिक बताया. उन्होने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल से मुलाकात के दौरान संगठन की निरंतर मजबूती एवं समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई. प्रदेश अध्यक्ष का मार्गदर्शन हमेशा प्रेरणादायी एवं पथप्रदर्शक होता है. इस मुलाकात में विंध्य और जिले के वर्तमान राजनीतिक घटनाक्रम पर सार्थक व गंभीर चर्चा हुई.

# तेज बारिश के साथ तेज हवा के चलते अस्त व्यस्त हुए पाण्डाल

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 27 सितम्बर, दिन भर में लगातार चार बार हुई बारिश तथा शाम को बारिश के साथ तेज हवाओं के चलते दुर्गा उत्सव समितियां के कई स्थानों पर पंडाल अस्त-व्यस्त होने से श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा.**

यह बात अलग है कि मां भगवती की कृपा से श्रद्धालुओं ने भी बरसते पानी में भी व्यवस्था बनाने में जुटे रहे. उल्लेखनीय की मऊगंज जिले हनुमना सहित समूचे क्षेत्र में जहां सुबह से ही धूप के बावजूद बीच-बीच में लगातार तीन बार दिन में बारिश हुई वहीं शाम ढलते ही हुई तेज बारिश के साथ तेज हवा के चलते कई दुर्गा पूजा पंडाल अस्त-व्यस्त हो गये. लेकिन श्रद्धालुओं की श्रद्धा के आगे प्रकृति भी नरम पड़ गई बरसते पानी में भीगते हुए श्रद्धालुओं ने गिरते पंडाल को तुरंत मोर्चा संभाल कर काबू पा लिया सीधी रोड रीवा रोड स्थित दुर्गा पूजा स्थलों पर ऐसी स्थितियां बनी थी बारिश थमते ही श्रद्धालुओं पुन: व्यवस्था को चुश्त दुरुस्त कर लिया. लगातार हो रही बारिश से परेशानी जरूर दे रही है, समिति के लोग एवं श्रद्धालु भी परेशान हो रहे है.

# नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ ली गई बैठक

## नवनियुक्त सुरक्षा समिति के सदस्यों को प्रदान किया परिचय पत्र एवं सुरक्षा किट

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 27 सितम्बर, थाना परिसर गुढ़ में थाना प्रभारी शैल यादव ने क्षेत्र के नवनियुक्त नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों की बैठक लेकर उनके कर्तव्यों के बारे में अवगत कराया.**

जिसमें समिति के सदस्यों को ग्राम व नगर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध गतिविधियों की निगरानी करने और आवश्यक वस्तुओं के परिवहन में बाधा न आने देने के निर्देश दिए गए. थाना प्रभारी ने कहा कि यह बैठक पुलिस का एक महत्वपूर्ण सहयोगी अंग है जो समाज के उन कोनों में भी सुरक्षा सुनिश्चित करने में मदद करता है ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति पुलिस का अभिन्न अंग है. सामाजिक दृष्टिकोण से सुरक्षा समिति के सदस्यों की भूमिका अहम होती है. समाज के जिस कोने में पुलिस नहीं पहुंच पाती, वहां समाज के बीच के ही नगर सुरक्षा समिति के सदस्य पहुंच जाते हैं.

नगर सुरक्षा समिति के सदस्य पुलिस जवान की तरह कार्य करते हैं. बैठक के दौरान थाना प्रभारी द्वारा सभी नवनियुक्त ग्राम एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों को परिचय पत्र एवं सुरक्षा किट भी प्रदान किए गए. इस अवसर पर सहायक उप निरीक्षक सुरेश साकेत, सैनिक सन्तोष कुमार सहित थाना स्थाप एवं गुढ़ नगर एवं थाना क्षेत्र के नवनियुक्त सुरक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे.



नगर सुरक्षा समिति की बैठक लेते गुढ़ थाना प्रभारी

# अतिक्रमण कर बने होटल में आसमाजिक तत्वों का जमावड़ा

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 27 सितम्बर, प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय शहीद केदारनाथ महाविद्यालय मऊगंज के सामने संचालित रमेश होटल नशेड़ियों का अड्डा बन गया है.**

यहां पर सभी प्रकार की नशीली गतिविधियां होती है. दिखावे के लिये तो यह होटल संचालित है लेकिन यह शराब, कोरेक्स एवं अन्य मादक पदार्थों का सेवक करने वालों के लिये होटल के पीछे स्थान मुहैया कराता है. जिससे कालेज पढ़ने आने वाले छात्राओं को डर के साये में कालेज आना पड़ता है. सबसे दुर्भाग्य की बात यह है कि, यहां पर कालेजी छात्रों को नशे के लिए स्थान मुहैया कराया जाता है और जिससे छात्रों में नशे कीलत लग जाती है और कालेज का महौल खराब होता है जिससे कालेज के सामने आये दिन झगड़ा होता रहता है. इस संबंध में कालेजी छात्राओं एवं उनके परिजनों का कहना है कि महाविद्यालय के सामने संचालित रमेश (शेरा) होटल में हुड़दंगी एवं अराजक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे कालेज के सामने से निकलने पर मनचलों द्वारा उन पर छींटाकसी की जाती है एवं अश्लील अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है लेकिन आज तक मऊगंज की पुलिस प्रशासन एवं महाविद्यालय प्रशासन द्वारा कोई एक्सन नहीं लिया गया एवं ठोस कार्यवाही नहीं की गई. जिससे होटल संचालक का भी मनोबल बढ़ा हुआ है.

**शासकीय जमीन पर अतिक्रमण**-महाविद्यालय के सामने शासकीय जमीन पर व्यापक पैमाने पर अतिक्रमण है. जहां पर होटल संचालकों द्वारा शासकीय जमीन में अतिक्रमण कर होटल का संचालन किया जा रहा है तथा अनैतिक गतिविधियों में संलिप्तता है. जिससे आमजनों को काभी समस्या होती है. प्रशासन से कार्यवाही की मांग छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय लोगो ने की है.

# पुरास में पोषण पखवाड़ा के तहत लगाया गया स्वास्थ्य शिविर

**नवभारत न्यूज**

**गुढ़, 27 सितम्बर, जनपद पंचायत रीवा अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरास में पोषण पखवाड़ा के तहत स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जन सहभागिता और जागरूकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ.**



यह आयोजन 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती तक चल रहे पोषण माह एवं सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किया गया है. मुख्य अतिथि जनपद सदस्य एवं सभापति वन समिति श्रीमती आशा चौरसिया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत पुरास के सरपंच रामभजन साकेत एवं विधायक प्रतिनिधि गुढ़ आकाश चौरसिया उपस्थित रहे. कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता बहनों द्वारा की गई. इस अवसर पर ग्रामीण जनों को स्वास्थ्य स्वच्छता और संतुलित आहार के महत्व पर प्रेरक संदेश दिए गए. इस अवसर पर ग्राम पंचायत सचिव श्रीमती रीता तिवारी सहायक सचिव श्रवण तिवारी विमल चौरसिया पुष्पा द्विवेदी राजकुमारी तिवारी रानी चौरसिया रेखा तिवारी सहित बड़ी संख्या में माताएं बहने उपस्थित रहे.

# हाटा से कोड़वा पहुंच मार्ग बनने से ग्रामीणों को होगा लाभ

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 27 सितम्बर, मऊगंज जिले के हनुमना तहसील के पूर्वी क्षेत्र में हाटा से कोड़वा पहुंच मार्ग के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर जारी कर दिया गया है. इस सड़क के बनने से जहां एक ओर ग्रामीण जनों को आवागमन की बड़ी सुविधा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर इस मार्ग का लाभ खनिज माफिया भी उठा सकेंगे.**

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बन जाने के बाद शिक्षा, स्वास्थ्य और दैनिक कार्यों के लिए यात्रा करना आसान होगा. लेकिन साथ ही इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि खनिज माफियाओं के ट्रक, ट्रैक्टर और पिकअप इस मार्ग से धड़ल्ले से दौड़ेंगे, जिससे अवैध खनन और परिवहन को बढ़ावा मिलेगा.

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और जिम्मेदार विभागों से मांग की है कि सड़क निर्माण के बाद इस मार्ग पर सख्त निगरानी रखी जाए, ताकि खनिज माफियाओं की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके.



चौराहे पर गाड़ियों की सफाई करते हुए सुजीत द्विवेदी व उनकी टीम

# गाड़ियों को साफ कर दिया गया नशा मुक्ति का संदेश

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 27 सितम्बर, चौराहो पर गाड़ियो की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया जा रहा है. साथ ही नशे से दूर रहने की अपील की जा रही है. अलग-अलग चौराहो में गाड़ियों की सफाई कर स्वच्छता पमप्लेट भी दिया.**

प्रधानमंत्री के जन्मोत्सव से लेकर गांधी जयंती तक चल रहे नशा मुक्ति के विशेष अभियान के तहत आज शहीद भगत सिंह सेवा समिति के द्वारा कॉलेज चौराहे में रेड ट्रैफिक सिग्नल में जब गाड़ियां खड़ी हुई तो गाड़ियों को साफ करके नशा मुक्ति के पोस्ट वितरित किए गए. जिसमें लिखा है कि नशे से दूर रहें ताकि घर परिवार आबाद रहे और लोगों से कभी भी नशा न करने की अपील किया गया. इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी ने कहा कि आज हमारा नौजवान नशे के कारण अपने जीवन को खत्म कर रहा है. उनको बचाना हम सब की जिम्मेदारी बनती है उसके लिए चाहे हमें बूट पॉलिश करना पड़े चाहे उनके चरण धोने पड़े चाहे गाड़ियों को साफ करना पड़े हम सब करने को तैयार हैं. लेकिन किसी भी हालत में युवा पीढ़ी को बर्बाद नहीं होने देंगे हमारा नौजवान ही देश का भविष्य है इसको बचाना हम सब की जिम्मेदारी बनती है आज कॉलेज चौराहे में ट्रैफिक सिग्नल पर लोगों की गाड़ियां साफ करके उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर शहीद भगत सिंह सेवा समिति के अध्यक्ष सुजीत द्विवेदी उमा द्विवेदी वसुंधरा प्रगति कष्टहरनाथ प्रणव शुक्ला अमित मौजूद रहे.

# अल्हवा खुर्द पंचायत भवन में लगा रहता है ताला

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 27 सितम्बर, मऊगंज जिले के जनपद पंचायत हनुमना अंतर्गत ग्राम पंचायत अल्हवा खुर्द के ग्रामीणों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया है कि पंचायत भवन हमेशा ताले में बंद रहता है. ग्रामीणों का कहना है कि यह भवन सिर्फ ग्रामसभा की बैठक के समय खोला जाता है, उसके अलावा यहां कभी भी ताला नहीं खुलता.**

उल्लेखनीय है कि अधिकांश ग्राम पंचायतो में ताला लगा रहता है जिससे हितग्राही मूलक कार्य नही हो पाते, जिससे ग्रामीण भटकते रहते है. प्रशासन भी देखने को तैयार नही है कि आखिर क्या चल रहा है. ग्रामीणों ने नाराज़गी जाहिर करते हुए कहा कि पंचायत भवन आम जनता के कामकाज और सरकारी योजनाओं के संचालन के लिए बना है, लेकिन यहां सचिव की मौजूदगी न होने के कारण लोग योजनाओं से वंचित हो रहे हैं. जब इस संबंध में पंचायत सचिव से बात की गई तो उन्होंने अपनी तबियत खराब रहने और मूलत: ग्राम जड़कुड का निवासी होने की बात कही. उन्होंने स्वीकार किया कि वे नियमित रूप से पंचायत भवन में बैठने में असमर्थ हैं. ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या अल्हवा खुर्द की जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाएगा? वहीं, ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि मऊगंज जिले के वर्तमान कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है. ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पंचायत भवन को नियमित रूप से खोला जाए और सचिव को प्रतिदिन कार्यालय में बैठना अनिवार्य किया जाए, ताकि ग्रामीणों को शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके.

# कार्यशाला में छात्रों को साइबर अपराध सहित दी गई विधिक जानकारी

**नवभारत न्यूज**

**मऊगंज, 27 सितम्बर, माडल हायर सेकेंडरी स्कूल हनुमना सलैया के सभागार में आयोजित कार्यशाला में साइबर अपराध सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी गई.**



मुख्य अतिथि सब इंस्पेक्टर दिव्या उपाध्याय ने कहा शासन द्वारा पुलिस विभाग के माध्यम से चलाते जारहे जागरूकता अभियान का एकमात्र उद्देश्य समाज में नित नए प्रयोगों के साथ घटनेवाली घटनाओं का प्रतिकार हमें कैसे करना है शासन ने हमारी सुरक्षा में कौन कौन से कानून बनाये हैं. एक बालिका द्वारा पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहाकि अब ऐसे कानून आ गये हैं कि पीड़ित युवती या महिला व उसके परिवार आदिका सब कुछ गुप्त रखा जाता है. मुख्य वक्ता साइबर एक्सपर्ट एडवोकेट मोहित मिश्रा ने बाल अपराधों की प्रारंभिक प्रक्रिया से लेकर उनके विकृत रूप आदि की चर्चा के साथ महिला उत्पीडन, नशे की लत,तथा साइबर अपराधों की विस्तृत जानकारी दी. पत्रकार विकास परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता वरिष्ठ पत्रकार संपति दासगुप्त गुप्त ने समाज में घटने वाले बाल अपराधों,के साथ विशेषकर छात्राओं व कम उम्र की बहन बेटियों के साथ घटने वाली घटनाओं का प्रमुख दोष कम उम्र में मोबाइल फोन दे देना.

उसपर भी इन्ड्राइड मोबाइल ही सबसे बड़ा कारण है. श्री गुप्त ने मोबाइल को लेकर कहा कि इसके जितने फायदे हैं उससे कई गुना साइड इफेक्ट हैं. छात्राओं के अवेयर करते हुए अष्लील मैसेज भेजने वाले या ब्लैक मेल करने वालों के विरुद्ध तत्काल एक्सन लेने की आवश्यकता पर बल दिया. कार्यक्रम का सफल संचालन अपने साहित्यिक शब्दावली के साथ शिक्षक संकल्प शुक्ला ने जहां किया वहीं इस अवसर पर बृजेंद्र पांडे पवन कुमार मौर्य अनिल कुमार गुप्ता चंद्रिका पटेल अखिलेश मिश्रा राज नारायण कोल अखिलेश सिंह बिंदु प्रकाश सुरेखा पूजा केसरवानी राम त्रिपाठी सुनीता शुक्ला कृतिका सोनी निधि तिवारी तथा विवेक त्रिपाठी राम भूषण पांडे नीरज मिश्रा अखिलेश द्विवेदी कमलेश्वर द्विवेदी आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही.